# पाठ 14. चीन की दीवार (केवल पढ़ने के लिए)

## पाठ की भूमिका

इस पाठ का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मक विचार संबंधी कौशल विकसित करना है ताकि वे चीज़ों व घटनाओं को देखने और करने का अभिनव तरीका अपना सकें। इस पाठ में संसार की सात आश्चर्यजनक चीज़ों में से एक 'चीन की दीवार' के बनने और उसके आश्चर्यजनक होने के कारण की चर्चा की गई है।

## अध्यापन संकेत

यह पाठ केवल पठन के लिए है। बच्चों को दुनिया के सात आश्चर्यों के बारे में बताएँ व उनके चित्र इंटरनेट के माध्यम से या पत्रिका, आदि में दिखाएँ। यह बताना न भूलें कि आगरा का ताजमहल दुनिया के सात आश्चर्यों में से एक है।